>

Title: Problems faced by Ration Depot owners due to reduction in quota of kerosene in Punjab.

श्री रवनीत सिंह (आनंदपुर साहिब): महोदय, यह मेरी खुशकिस्मती है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से संसद का ध्यान सरकार द्वारा पंजाब में मिट्टी का तेल यानी केरोसीन ऑयल का कोटा 63 परसेंट कम किये जाने की तरफ लेकर जाना चाहता हूं। इसके कारण पंजाब में गरीब परिवारों को बहुत बड़ी दिक्कत आ रही है।

महोदय, ऐसा माना जाता है कि पंजाब एक बहुत खुशहाल स्टेट है, लेकिन हकीकत यह है कि आज भी पंजाब में 20 लाख परिवार गरीबी रेखा के नीचे हैं। इन गरीब परिवारों को सेंटर की तरफ से, केंद्र सरकार की तरफ से जो 25 हजार हमारे राशन डिपोज हैं, उनके द्वारा उन्हें सस्ते दाम पर गेहूं, दाल और केरोसीन सप्लाई किया जाता है।

महोदय, पिछले दिनों सरकार द्वारा पंजाब में केरोसीन का कोटा 63 फीसदी घटाए जाने से 20 लाख गरीब परिवारों को हर महीने दिये जाने वाले केरोसीन में भारी कटौती हो गयी है। इससे इन परिवारों को रोजमर्रा की जिन्दगी में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और मजबूरन इन्हें लकड़ियों का इस्तेमाल करना पड़ रहा है, जिससे वातावरण को भी बहुत बड़ा खतरा है।

महोदय, दूसरी बात जो हमारे 25 हजार राशन डिपोज के मालिक हैं, जो बहुत सालों से समाज की सेवा कर रहे हैं। उन्हें मिलने वाले कमीशन में भी पिछले 15 सालों में भारी कमी आयी है, जिससे उनका कारोबार बंद होने के कगार पर आ चुका है।

महोदय, मेरी आपके माध्यम से सरकार से विनती है कि पंजाब के 20 लाख गरीब परिवारों को आ रही दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए पंजाब का केरोसीन का कोटा बहाल किया जाये और जो राशन डिपोज मालिक हैं, उनकी आमदनी जो बहुत कम हो चुकी है, उनकी मदद के लिए कुछ न कुछ प्रयास जरूर करे।

महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं।

सभापति महोदय :

श्री प्रताप सिंह बाजवा,

श्री मनीष तिवारी और

श्री महिन्दर सिंह केपी अपने आपको श्री रवनीत सिंह जी द्वारा उठाये गये विषय के साथ सम्बद्ध करते हैं।